वेबसाइट के माध्यम से

"हर काम देश के नाम"

# रक्षा लेखा विभाग (र.ले.वि.) मुख्यालय

उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010

DEFENCE ACCOUNTS DEPARTMENT (DAD) HEADQUARTERS

Ulan Batar Road, Palam, Delhi Cantt.- 110010

दूरभाष: 011-25665742 फैक्स : 011-25674806, 25674821 ई-मेल: hindicell.cgda@nic.in

550181/हिं.क./नराकास/2022

दिनांक - 20.07.2022

सेवा में

समस्त रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/
रक्षा लेखा नियंत्रक/प्रधान लेखा नियंत्रक

विषय : 14-15 सितम्बर, 2022 को सूरत (गुजरात) में हिंदी दिवस, द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन एवं वर्ष 2022 के हिंदी पखवाड़ा के आयोजन के संबंध में।

संदर्भ – भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय, रक्षा विभाग का दिनाँक 15 जुलाई 2022 का पत्र संख्या 20(4)/2022-निदेशक (राजभाषा)।

रक्षा मंत्रालय, रक्षा विभाग के संदर्भित पत्र के अंतर्गत प्राप्त भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, के दिनांक 24 जून, 2022 के अ.शा. पत्र सं.-11034/12/2022-रा.भा.(नीति) तथा भारत सरकार, गृह मंत्रालय (राजभाषा विभाग) का दिनांक 15 जुलाई, 2022 का कार्यालय ज्ञापन सं. 12016/12/2022-रा.भा.(का.-2) की प्रतियां सूचना, मार्गदर्शन एवं यथापेक्षित कार्रवाई हेतु अग्रेषित की जाती है। इस संबंध में की गई कार्रवाई/ अनुपालन की सूचना इस मुख्यालय कार्यालय को प्रेषित करें।

रक्षा लेखा महानियंत्रक के अनुमोदन से जारी।

कुमार सत्यप्रिय 20/7

(कुमार सत्यप्रिय श्रीवास्तव)
लेखा अधिकारी (राजभाषा)

सूचना का
अधिकार

देवेन्द्र कुमार राय
संयुक्त सचिव

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
नई दिल्ली - 110 011
Government of India
Ministry of Defence
Department of Defence
New Delhi - 110 011

सं. 20(4)/2022-निदेशक(राजभाषा)

दिनांक: 15 जुलाई, 2022

आदरणीय महोदय / महोदया

विषय: 14-15 सितंबर, 2022 को सूरत (गुजरात) में हिंदी दिवस, द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन एवं वर्ष 2022 के हिंदी पखवाड़ा के आयोजन के संबंध में।

सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय ने अपने दिनांक 24 जून, 2022 के अ.शा. पत्र सं. 11034/12/2022-रा.भा.(नीति) के माध्यम से सूचित किया है कि इस वर्ष हिंदी दिवस का आयोजन माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी की अध्यक्षता में अत्यन्त भव्य एवं गरिमामयी स्वरूप में पहली बार दिल्ली से बाहर सूरत (गुजरात) में किया जाएगा। हिंदी दिवस एवं दूसरे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का यह सम्मिलित आयोजन 14-15 सितंबर, 2022 को सूरत में होगा (प्रतिलिपि संलग्न)।

2. सचिव, राजभाषा विभाग के उपर्युक्त पत्र के आलोक में आपसे अनुरोध है कि अपने कार्यालय के राजभाषा से जुड़े अधिकारियों सहित कुछ अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को सूरत(गुजरात) में होने वाले हिंदी दिवस एवं दूसरे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होने का निर्देश दें तथा उपर्युक्त पत्र में दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराएं।

शुभकामनाओं सहित

शुभेच्छु,

देवेन्द्र कुमार राय

(देवेन्द्र कुमार राय)

रक्षा विभाग के अंतर सेवा संगठनों के संयुक्त सचिव स्तर के सभी अधिकारी

अंशुली आर्या, आई.ए.एस.
सचिव
ANSHULI ARYA, I.A.S.
Secretary

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
राजभाषा विभाग
गृह मंत्रालय
GOVERNMENT OF INDIA
DEPARTMENT OF OFFICIAL LANGUAGE
MINISTRY OF HOME AFFAIRS

दिनांक: 24 जून, 2022

अ.शा. पत्र सं. 11034/12/2022-रा.भा.(नीति)

आदरणीय महोदय / महोदया

निदेशक (रा.भा.) का कार्यालय
डायरी संख्या 124
दिनांक 07.07.2022

**विषयः <u>14-15 सितंबर, 2022 को सूरत (गुजरात) में हिंदी दिवस, द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन एवं वर्ष 2022 के हिंदी पखवाड़ा के आयोजन के संबंध में।</u>**

संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को राजभाषा के रूप में अंगीकार किया और तब से ही इस दिवस की स्मृति में, प्रतिवर्ष 14 सितंबर 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। संविधान सभा द्वारा सौंपे गए संवैधानिक और प्रशासनिक उत्तरदायित्वों तथा संविधान की भावना के अनुरूप तथा प्रेरणा, प्रोत्साहन और सद्भावना की नीति के साथ, राजभाषा हिंदी का प्रचार-प्रसार करने और इसके प्रयोग को बढ़ाने के निरंतर प्रयास किए जाते हैं।

2. गृह मंत्रालय का राजभाषा विभाग संघ के सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रगामी प्रयोग बढ़ाने और समस्त सांविधिक एवं कानूनी उपबंधों का पालन सुनिश्चित करने की दृष्टि से, अनेक महत्वपूर्ण उत्तरदायित्वों का निर्वहन करता है। इन्हीं उत्तरदायित्वों की एक कड़ी के रूप में विभाग द्वारा प्रतिवर्ष हिंदी दिवस का आयोजन दिल्ली में किया जाता रहा है। **बेहद हर्ष का विषय है कि इस वर्ष हिंदी दिवस का आयोजन माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी की अध्यक्षता में अत्यन्त भव्य एवं गरिमामयी स्वरूप में पहली बार दिल्ली से बाहर सूरत (गुजरात) में किया जाएगा। हिंदी दिवस एवं दूसरे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का यह सम्मिलित आयोजन 14-15 सितंबर, 2022 को सूरत में होगा।**

3. हिंदी का उत्साहवर्धक वातावरण सृजित करने और इस कार्यक्रम में माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी की गरिमामयी उपस्थिति को देखते हुए, अनुरोध है कि सभी मंत्रालय/विभाग/सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालय/बैंक/उपक्रम/निगम/बोर्ड इत्यादि हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम 14 से 29 सितंबर के दौरान ही मनाना सुनिश्चित करें और विभिन्न प्रतियोगिताएं इसी अवधि के दौरान आयोजित करें। कार्यक्रम की रूपरेखा इस प्रकार बनाई जाए कि प्रत्येक कार्यालय के **हिंदी दिवस का शुभारंभ 14 सितंबर 2022 को सूरत, गुजरात से हो और समापन 29 सितंबर, 2022 को संबंधित कार्यालय में हो।** मंत्रालयों/विभागों आदि में हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताएं 16 सितंबर के बाद सम्पन्न कराई जाएं। मंत्रालय/विभाग/सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालय/बैंक/उपक्रम/निगम/बोर्ड इत्यादि अपनी सुविधानुसार इस अवधि के उपरांत हिंदी माह भी आयोजित कर सकते हैं। इस दौरान इस तरह के आयोजन किए जाएं, जो अधिकारियों और कर्मचारियों को हिंदी भाषा के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करें। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रमों का यह भी उद्देश्य होना चाहिए कि हिंदी में मौलिक कार्य जैसे टिप्पणी, मसौदे, पत्राचार आदि को बढ़ाया

......2/-

तृतीय तल, एन.डी.सी.सी.-II भवन, जय सिंह रोड, नई दिल्ली 110001
फोन : (91) (11) 23438266, फैक्स : (91) (11) 23438267, ई मेल : secy-ol@nic.in

2

जा सके। यह भी अनुरोध है कि सभी मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों/उपक्रमों/बैंकों आदि में अमृत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में हिंदी पखवाड़े का मुख्य समारोह/पुरस्कार वितरण समारोह पखवाड़े के अंतिम दिन 29 सितंबर, 2022 (बृहस्पतिवार) या उसके बाद आयोजित किया जाए।

4. सभी मंत्रालयों/विभागों द्वारा सभी कार्मिकों को राजभाषा से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों, राजभाषा अधिनियम, 1963, राजभाषा नियम, 1976, राजभाषा संकल्प, 1968 और समय-समय पर राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा नीति से संबंधी जारी दिशा-निर्देशों से अवगत करवाया जाए। साथ ही सरकारी कार्य में सरल और सहज हिंदी के प्रयोग पर विशेष बल दिया जाए। वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में राजभाषा नीति जोकि, प्रेरणा, प्रोत्साहन एवं सदभावना पर आधारित है, के संबंध में चर्चा की जाए। अधिकारियों/ कार्मिकों को स्मृति आधारित अनुवाद सॉफ्टवेयर 'कंठस्थ' के अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए। प्रसंगवश यह भी उल्लेखनीय है कि राजभाषा नियम, 1976 के नियम 12 के अनुसार केंद्रीय सरकार के प्रत्येक कार्यालय के प्रशासनिक प्रमुख का यह उत्तरदायित्व है कि वह राजभाषा अधिनियम, नियम तथा इनके अंतर्गत समय-समय पर जारी किए जाने वाले दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराए।

5. आपसे अनुरोध है कि अपने मंत्रालय/विभाग के राजभाषा से जुड़े सभी अधिकारियों एवं मंत्रालय के कुछ अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को सूरत में होने वाले हिंदी दिवस एवं दूसरे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होने का निर्देश दें (संबंधित विस्तृत जानकारी राजभाषा विभाग की साइट rajbhasha.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। कृपया सभी सम्बद्ध/ अधीनस्थ कार्यालयों/बैंकों/ उपक्रमों/ बोर्डों/ निगमों आदि को भी ऐसे ही निर्देश मंत्रालय की ओर से जारी किए जाएं। उनके राजभाषा अधिकारी भी अनिवार्य रूप से 14-15 सितंबर, 2022 को सूरत, गुजरात में होने वाले कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करें।

शुभकामनाओं सहित

शुभेच्छु,

(अंशुली आर्या)

भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव

वेबसाइट के द्वारा

फा.सं-12016/12/2022-रा.भा(का-2)

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

(राजभाषा विभाग)

*****

एन.डी.सी.सी.-II बिल्डिंग, चौथा तल,

जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001

दिनांक: 15 जुलाई, 2022

## कार्यालय ज्ञापन

राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय अपने संवैधानिक दायित्वों के अन्तर्गत केंद्रीय सरकार के कार्यालयों/विभागों/उपक्रमों/बैंकों आदि में राजभाषा हिंदी के प्रसार और प्रभावी कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा **दिनांक 14 एवं 15 सितंबर, 2022 को सूरत (गुजरात) में हिंदी दिवस एवं द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन** का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का आयोजन स्थल **पंडित दीनदयाल उपाध्याय, इंडोर स्टेडियम, सूरत** है।

2. माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी की अध्यक्षता में होने वाले हिंदी दिवस एवं द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग की स्थिति और बेहतर करने के बारे में चर्चा की जाएगी। अतः केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों/विभागों/ अधीनस्थ कार्यालयों/उपक्रमों/बैंकों/नराकास (अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव) आदि से अपेक्षा है कि वे इस सम्मेलन में अधिकाधिक संख्या में प्रतिभागी भेजकर आयोजन को सफल बनाएं।

3. इस सम्मेलन में प्रतिभागियों के टी.ए./डी.ए. का वहन संबंधित मंत्रालय/कार्यालय/संगठन द्वारा सरकारी नियमानुसार किया जाएगा। प्रतिभागियों को अपने ठहरने की व्यवस्था भी स्वयं करनी होगी।

4. उक्त सम्मेलन में राजभाषा से जुड़े सभी कार्मिकों और राजभाषा का काम देख रहे अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाए।

5. सम्मेलन में प्रतिभागिता हेतु अपना पंजीकरण (निःशुल्क) राजभाषा विभाग की वेबसाइट **rajbhasha.gov.in** पर दिए गए लिंक https://164.100.54.224/dolregister से करना आवश्यक है।

15/07/2022

(बी.एल. मीना)

निदेशक(कार्यान्वयन)

फोन : 011-23438129

**सेवा में,**

भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग/बैंक/उपक्रम/नराकास/स्वायत संस्थान/ संवैधानिक निकाय आदि।